संचिका संख्याः—4प / विविध—40—20 / 2023 / 6516 / पं०रा०

ई—मेल / स्पीड पोस्ट

**बिहार सरकार**
**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**मनोज कुमार,** *भा०प्र०से०*
सचिव।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
**सभी उप विकास आयुक्त—सह—**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद,**
**सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक 23 / 5 / 2025

**विषय :— वंशावली हेतु शपथ—पत्र के संबंध में।**

**प्रसंग :— विभागीय पत्रांक 16184 दिनांक 27.12.2023**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से वंशावली बनाये जाने के संबंध में सभी जिलों को दिशा—निर्देश संसूचित है, इसके अनुसार वंशावली बनाने की प्रक्रिया में जिस व्यक्ति को वंशावली प्रमाण—पत्र की आवश्यकता है, वह शपथ—पत्र पर वंशावली का विवरण एवं लिखित रूप से एक आवेदन पंचायत सचिव को देता है। विभाग को ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि कतिपय पंचायत सचिवों द्वारा इस कार्य हेतु कार्यपालक दण्डाधिकारी / अनुमंडल दण्डाधिकारी से निर्गत शपथ—पत्र की मांग की जा रही है।

2. उल्लेखनीय है कि शपथ—पत्र या हलफनामा किसी व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से लिखित रूप में की गई तथ्यात्मक घोषणा है। यह घोषणा किसी ऐसे व्यक्ति के समक्ष की जाती है, जो विधि द्वारा इसके लिए अधिकृत हो, जैसे नोटरी पब्लिक या ओथ कमिश्नर। इस संदर्भ में नोटरी पब्लिक की अधिकारिता ज्यादा व्यापक है, क्योंकि उसे किसी भी घोषणा / दस्तावेज को घेरलू या अंतर्राष्ट्रीय उपयोग के लिए अनुप्रमाणित एवं सत्यापित करने की अधिकारिता प्राप्त है। ओथ कमिश्नर की अधिकारिता मुख्यतः कोर्ट से संबंधित मामलों में ही किसी हलफनामे को सत्यापित करने तक सीमित है। कार्यपालक दंडाधिकारियों को भी किसी हलफनामे को सत्यापित करने की अधिकारिता प्राप्त है।

3. उक्त के आलोक में विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि– वंशावली घोषणा से संबंधित शपथ–पत्र नोटरी पब्लिक या कार्यपालक दण्डाधिकारी दोनों में से किसी के द्वारा अनुप्रमाणित या सत्यापित होने पर मान्य किया जाएगा।

विश्वासभाजन

(मनोज कुमार)
सचिव

ज्ञापांकः–4प / विविध–40–20 / 2023 / 6516 / पं०रा०, पटना, दिनांक 23 / 5 / 2025
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार / अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार / सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार एवं निदेशक, भू–अर्जन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार)
सचिव

ज्ञापांकः–4प / विविध–40–20 / 2023 / 6516 / पं०रा०, पटना, दिनांक 23 / 5 / 2025
प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

(मनोज कुमार)
सचिव

ज्ञापांकः–4प / विविध–40–20 / 2023 / 6516 / पं०रा०, पटना, दिनांक 23 / 5 / 2025
प्रतिलिपिः– आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार)
सचिव